राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☏0141–2722520

क्रमांक:प.14(44)RSMSSB/अर्थना/लिपिक ग्रेड–।।/2018/1663 दिनांक: 30/1/2020

<u>स्पष्टीकरण</u>

<u>लिपिक ग्रेड–।।/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में दिव्यांग अभ्यर्थियों की नवीन चतुर्थ श्रेणी के अनुसार प्रार्थना पत्र आमंत्रित करने बाबत</u>

लिपिक ग्रेड–।।/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 के संबंध में दिनांक 28.01.2020 को जारी की गई विज्ञप्ति के संदर्भ में यह स्पष्ट किया जाता है कि नवीन चतुर्थ श्रेणी के अन्तर्गत उन्हीं दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने हैं जो **उक्त भर्ती परीक्षा में उपस्थित हुए हैं** तथा जो कि विज्ञप्ति के अनुसार MI/MD **(Mental Illness/Multiple Disorders)** {1. ऑटिज्म, बौद्धिक निशक्तता, लर्निंग निशक्तता एवं मानसिक रूग्णता तथा 2. बहुविकलांगता अर्थात् दिव्यांगता की एक से अधिक श्रेणी} में आते हैं। पूर्वकालिक तीन श्रेणियों **(LD/CP, B/LV तथा HI)** के जिन अभ्यर्थियों ने अपने दिव्यांगता परीक्षा आवेदन भरते समय आवेदन में अंकित कर दी थी, उन्हें पुनः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

इस क्रम में उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 28.01.2020 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर निर्धारित अवधि (दिनांक 30.01.2020 से दिनांक 07.02.2020) में एवं स्थान पर अपने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर देवें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव